दिन– शनिवार दिनांक– 28 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और उत्तर बिहार में हो रही भारी बारिश के चलते राज्य में एक बार फिर बाढ़ का खतरा बढ़ा। कोसी और गंडक नदी में आज रिकॉर्ड पानी छोड़े जाने की चेतावनी।

02. राज्य सरकार ने बाढ की आशंका को देखते हुए अड़तालीस घंटों का अलर्ट जारी किया। सुपौल, सहरसा, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज और सारण जिले में कोसी तथा गंडक के तटवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील।

03. प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में पिछले अड़तालीस घंटों से बारिश का सिलसिला जारी। पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण और मधुबनी जिले में आज कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट।

04. और, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बिहार दौरे पर। राज्य में पार्टी के सदस्यता अभियान की करेंगे समीक्षा।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और उत्तर बिहार में हो रही भारी बारिश के चलते राज्य में एक बार फिर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज शाम कोसी नदी में छह दशमलव आठ एक लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की आशंका है। पानी की यह मात्रा पिछले छप्पन सालों में सबसे अधिक होगी। वहीं, गंडक नदी में आज इक्कीस वर्ष बाद छह लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा सकता है। इसे देखते हुये राज्य सरकार ने अगले अड़तालीस घंटों का अलर्ट जारी किया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––रिपोर्ट–––

आपदा की स्थिति की आशंका के मद्देनजर जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने कल देर शाम पटना में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी जिलाधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये। साथ ही तटबंधों की चौबीसों घंटे निगरानी के आदेश दिए गए हैं। इस बीच, जल संसाधन विभाग के सभी इंजीनियरों, पदाधिकारियों और कर्मियों की छुट्टी अगले आदेश तक के लिए रद्द कर दी गई है। संबंधित इंजीनियरों को तटबंधों पर कैम्प करने के निर्देश दिये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना धर्मेन्द्र कुमार राय।

इधर, सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कोसी नदी में रिकॉर्ड डिस्चार्ज की आशंका को देखते हुये जिला प्रशासन ने तटबंधों के अंदर और उसके आस–पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। इधर, भीमनगर कोसी बराज के सभी छप्पन फाटक खोल दिये गये हैं।

———रिपोर्ट———

कोसी नदी के जलस्तर में भारी वृद्धि की आशंका को देखते हुये जिला प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है। सुपौल के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि आज सुबह छह बजे भीमनगर कोसी बराज से तीन लाख छत्तीस हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्वी और पश्चिमी तटबंध के अन्दर बसे लोगों से लगातार सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की अपील की जा रही है।

———बाईट———

जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा के दृष्टिकोण से सभी एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। जिला स्तर पर गठित आपदा दल की तटबंधों पर लगातार गश्ती सुनिश्चित करवाई जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रवि शंकर चौधरी।

सहरसा से हमारी संवाददाता ने बताया कि कोसी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुये जिले के सिमरी बख्तियारपुर, नवहट्टा, महिषी और सलखुआ प्रखंडों के तटवर्ती क्षेत्रों में लोगों से सतर्क रहने और आवश्यकतानुसार ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की गयी है।

इधर, बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि नेपाल के देवाघाट से गंडक नदी में आज सुबह पांच लाख तिरानवे हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

———रिपोर्ट———

नेपाल के देवाघाट से गंडक नदी में लगातार पानी छोड़े जाने के बाद वाल्मीकिनगर गंडक बराज पर नदी में तीन लाख उनतालीस हजार दो सौ क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज हो रहा है। जल संसाधन विभाग ने आज शाम तक पानी का डिस्चार्ज छह लाख क्यूसेक से अधिक होने की आशंका जतायी है। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि सभी तटबंधों की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। बांधों की लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही प्रशासन ने निचले इलाकों में रह रहे लोगों से ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

इधर, गोपालगंज और सारण जिले में भी गंडक नदी के सभी तटबंधों पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। तटवर्ती क्षेत्र में रह रहे लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की गयी है। इस बीच, केन्द्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद ने गोपालगंज जिले में गंडक नदी के बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुये अधिकारियों को तटबंधों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

---

प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में पिछले अड़तालीस घंटों से लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अररिया, किशनगंज, पूर्णियां और सुपौल जिले में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। आंकड़ों के अनुसार इन जिलों में कुछ जगहों पर दो सौ मिलीमीटर से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गयी। इधर, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के शेष हिस्सों में मध्यम बारिश की सम्भावना है। इधर, भारी बारिश के कारण जन–जीवन

प्रभावित हुआ है। जगह–जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

---

केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी निषाद ने कहा है कि गोपालगंज जिले में बाढ़ की समस्या को देखते हुए गंडक नदी पर निर्मित बांध को मजबूत बनाने के लिए राशि जारी कर दी गयी है। जिले में नारायणी रिवर फ्रंट डुमरिया घाट का उद्‍घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में श्री निषाद ने कहा कि शेष इकतीस किलोमीटर लम्बे बांध के लिए राशि निर्गत किये जाने की प्रक्रिया जारी है।

---

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा आज बिहार दौरे पर रहेंगे। वे राज्य में पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे। अभियान की रणनीति पर चर्चा के लिए श्री नड्‍डा का पार्टी के सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ सदस्यों से मिलने का भी कार्यक्रम है। भाजपा ने दो महीने में राज्य से पार्टी में एक करोड़ नए सदस्य जोड़ने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। राज्य में दो सितम्बर को सदस्यता अभियान शुरू किया गया था। श्री नड्‍डा आज पटना में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में पैरालंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी को सम्मानित करेंगे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों से स्मार्ट मीटर को लेकर किये जा रहे दुष्प्रचार और अफवाहों से भ्रमित नहीं होने की अपील की। ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से मीटर को लेकर मिल रही शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिये।

---

बिहार के उद्यमियों को औद्योगिक प्रोत्साहन नीति की बकाया राशि का भुगतान जल्द किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशसन के अस्सीवें वार्षिकोत्सव में यह घोषणा की।

---

प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। पटना शहर को साफ और सुंदर बनाये रखने के लिए नगर निमग की ओर से कई अभियान चलाये जा रहे हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

प्रवर्तन निदेशालय ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को मुख्य साजिशकर्ता माना है। दिल्ली में एक अदालत में पेश किये गये पूरक आरोप पत्र में जांच एजेंसी ने यह दावा किया है। ईडी के अनुसार रेलवे में नौकरी के बदले जो जमीन ली गयी वह आज भी लालू प्रसाद के परिवार के कब्जे में हैं।

---

बिहारशरीफ की एक अदालत ने नालंदा जिले के चर्चित लोदीपुर हत्याकांड मामले में पन्द्रह आरोपियों को दोषी करार दिया है। दोषियों में एक महिला भी शामिल है। सजा के बिन्दु पर आठ अक्टूबर को सुनवाई होगी। गौरतलब है कि दो हजार इक्कीस में लोदीपुर गांव में भूमि विवाद में पांच लोगों की हत्या कर दी गयी थी।

---

पटना उच्च न्यायालय ने वन विभाग में चालकों की बहाली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति बिबेक चौधरी की एकल पीठ ने इक्यावन आवेदकों की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुये राज्य सरकार को जवाब तलब किया है। याचिका में कहा गया है कि संविदा पर पहले से काम कर रहे चालकों को पच्चीस अंकों का वेटेज दिये बिना परीक्षा फल का प्रकाशन कर दिया गया।

---

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में दूसरे के बदले एमबीबीएस की परीक्षा देते हुये चार अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में जक्कनपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

---

शिक्षा विभाग ने राज्य के विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों के लिए वेतन और पेंशन की राशि की स्वीकृति दे दी है। जुलाई दो हजार चौबस से फरवरी दो हजार पच्चीस तक के लिए कुल दो हजार छह सौ पचास करोड़ रूपये मंजूर किये गये हैं।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने उनहत्तरवीं सिविल सेवा परीक्षा के साक्षात्कार कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का पन्द्रह अक्टूबर से तीस अक्टूबर के बीच साक्षात्कार आयोजित होगा।

---

राज्य के चालीस हजार चार सौ बानवे स्कूलों में पोषण वाटिका लगायी जाएगी। इसे लेकर मध्याह्न भोजन निदेशालय ने सभी जिलों को दिशा–निर्देश जारी किया है। राज्य में पहले से बीस हजार हजार स्कूलों में पोषण वाटिका लगायी जा चुकी है।

---

रेलवे आगामी त्योहारों के अवसर पर दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के लिए एक अक्टूबर से तीस नवंबर के बीच छह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा। पिछले साल इस सीजन में चार हजार चार सौ उनतीस स्पेशल ट्रेन चलाई गई थीं।

---

दरभंगा जिले के काकरघाटी–शीशो नई रेललाईन पर गोपालपुर गांव के पास विद्युतीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान रेल ईंजन की चपेट में आने से तीन महिलाओं की मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश में भारी बारिश की आशंका की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– कोसी में छप्पन साल के बाद सर्वाधिक पानी का अंदेशा।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– जहानाबाद भगदड़ के दोषी एसडीओ पटना, से सीनियर डीसी बने, विभागीय कार्रवाई भी चलेगी।

दैनिक जागरण ने ईडी के हवाले से लिखा है– जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में लालू प्रसाद मुख्य साजिशकर्ता।

प्रभात खबर की सुर्खी है– मनरेगा के तहत हर जिले में रोज बीस फोटो की होगी जांच।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और उत्तर बिहार में हो रही भारी बारिश के चलते राज्य में एक बार फिर बाढ़ का खतरा बढ़ा। कोसी और गंडक नदी में आज रिकॉर्ड पानी छोड़े जाने की चेतावनी।

02. राज्य सरकार ने बाढ की आशंका को देखते हुए अड़तालीस घंटों का अलर्ट जारी किया। सुपौल, सहरसा, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज और सारण जिले में कोसी तथा गंडक के तटवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील।

03. प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में पिछले अड़तालीस घंटों से बारिश का सिलसिला जारी। पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण और मधुबनी जिले में आज कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट।

04. और, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बिहार दौरे पर। राज्य में पार्टी के सदस्यता अभियान की करेंगे समीक्षा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।